Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 18-03-2005

Participants : Singh Smt. Pratibha

>

Title: Need to clear the proposal of the Government of Himachal Pradesh for construction of roads in Mandi Parliamentary Constituency from Central Road Fund.

श्रीमती प्रतिभा सिंह (मंडी) : मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में लाना चाहती हूं कि हिमाचल प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र मंडी में पड़ने वाले जिला कुल्लू में रामशिला बिजली महादेव रोड 0/0 से 24/0 किलोमीटर के निर्माण हेतु रु.3.03 करोड़ तथा ठियोग-कोटखाई-हटकोटी रोड के निमार्ण एवं बाई पास की खड़ी चढ़ाई को 0/0 से 7/0 किलोमीटर पर कम करने हेतु रु.4.03 करोड़ अथार्त कुल रु. 7.07 करोड़ भारत सरकार की केंद्रीय सड़क निधि के अंतगर्त निर्मित की जाने वाली योजनाओं में दोनों सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता आधार पर स्वीकृत करने हेतु हि.प्र. सरकार ने दिनांक 24.6.2003 को प्रकरण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेिति किया है, लेकिन अभी तक इस प्रकरण में कोई प्रगति नहीं हुई है । मेरा आग्रह है कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृटि से शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए ।